AMAR UJALA, Delhi, 30.5.2024
Page No. 7, Size:(3.73)cms X (4.58)cms.

गेल के पहले हाइड्रोजन ग्रीन प्लांट का उद्घाटन

विजयपुर (वि)। गेल (गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) के पहले हाइड्रोजन ग्रीन प्लांट का शुभारंभ मध्य प्रदेश के विजयपुर में किया गया।

प्लांट का उद्घाटन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन और गेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र नई और वैकल्पिक ऊर्जा की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसे राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप स्थापित किया गया है। यह प्लांट नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके 4.3 टीपीडी हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा। इसे खुदरा ग्राहकों तक पहुंचाने और उच्च दबाव वाले कैस्केड के माध्यम से ले जाने की योजना है।

यिक
ाधि